**04/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

रंगों का पर्व होली आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनाइक ने इस पावन अवसर पर राज्य के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल ने ब्रह्माकुमारीज़ के प्रतिनिधियों के साथ ईटानगर स्थित लोक भवन में होली उत्सव मनाया। आध्यात्मिक संगठन के सदस्यों से बातचीत के दौरान उन्होंने समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्यपाल परनाइक ने कहा कि होली का यह जीवंत और रंग-बिरंगा पर्व हम सभी को आपसी भाईचारे को मजबूत करने, मतभेदों को भुलाने और सामूहिक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आनंदमय अवसर नागरिकों को समाज में शांति और सौहार्द फैलाने के लिए प्रेरित करेगा।

0000000000000000000000

राज्य की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री दसांगलु पुल ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की व्यापक बैठक के दौरान केंद्रीय क्षेत्र एवं राज्य क्षेत्र की विभिन्न चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विभाग की प्रमुख पहलों, योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति तथा भविष्य की प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि राज्य में वैज्ञानिक उन्नति को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

इस अवसर पर मंत्री पुल ने Centre for Earth Sciences & Himalayan Studies द्वारा प्रकाशित पुस्तक "Geothermal Energy in Dirang, Arunachal Pradesh – A Journey Toward Sustainable Energy Solutions" का लोकार्पण भी किया। यह प्रकाशन सतत और नवाचार आधारित ऊर्जा समाधानों की खोज के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा हरित एवं आत्मनिर्भर अरुणाचल प्रदेश के निर्माण के हमारे संकल्प को और सशक्त बनाता है।

0000000000000000000000000000

बासर विधायक न्याबी जिनी दिर्ची ने लेपराडा में 9वें संस्करण हंगपन दादा मेमोरियल ट्रॉफी 2025-26 की तैयारियों को लेकर एक प्रारंभिक बैठक की अध्यक्षता की। विधायक ने कहा कि यह जिला स्तरीय टूर्नामेंट अंडर-16 बालक एवं बालिका वर्ग में फुटबॉल और वॉलीबॉल की रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना तथा समाज में खेल भावना को सुदृढ़ करना है | इस अवसर पर बासर विधायक ने Menjwk Meqkok Rwguu Gurukul School, बासर की एक पूर्णतः सुसज्जित स्कूल वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्कूल वैन 27 फरवरी को ईटानगर के एफ एंड जी सेक्टर में दान की गई |

0000000000000000000000

Jawaharlal Nehru College, Pasighat में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ संसद 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की एन एस एस इकाई द्वारा My Bharat, पूर्वी सियांग जिला, पासीघाट के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्र निर्माण, लोकतंत्र तथा विकसित भारत के विज़न से जुड़े विषयों पर सक्रिय रूप से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया। प्रतिस्पर्धात्मक और रोचक सत्रों के पश्चात 10 प्रतिभागियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय विकसित भारत यूथ संसद प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया

0000000000000000000000

Zoram Medical College & Hospital में एक बड़ी शल्य चिकित्सा उपलब्धि हासिल की गई है, जहां चिकित्सकों ने लगभग 33 किलोग्राम वज़न वाले एक विशाल डिम्बग्रंथि (ओवरी) ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, यह संस्थान में अब तक हटाया गया सबसे बड़ा ट्यूमर है। मामले से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि अस्पताल के इतिहास में इससे अधिक आकार के किसी ट्यूमर को ऑपरेट किए जाने का कोई पूर्व रिकॉर्ड नहीं है। यह जटिल सर्जरी अस्पताल के फाल्कॉन स्थित परिसर में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग तथा एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न की गई। अस्पताल प्रशासन ने इसे चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

0000000000000000000

राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 6 से 8 मार्च तक ईटानगर स्थित TNZ Cinemas में तीन दिवसीय 11वें अरुणाचल फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान कहानी-वाचन सत्र, पैनल चर्चा, कार्यशालाएँ तथा क्षेत्रभर के फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए

जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र की उभरती आवाज़ों, विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनकी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

000000000000000000

अगरतला के दो वरिष्ठ नागरिकों–66 वर्षीय चंदन भौमिक और 59 वर्षीय अजय कुमार साहा–ने साइकिल से लगभग 5,300 किलोमीटर की लंबी यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की है। दोनों ने 5 जनवरी को अगरतला से अपनी यात्रा शुरू की और 1 मार्च को कन्याकुमारी, तमिलनाडु पहुंचकर अपने लक्ष्य को हासिल किया। उन्होंने यह लंबी दूरी साइकिल के माध्यम से तय की| Agartala Cycloholic Club के अनुसार, उनकी इस यात्रा का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था।

000000000000000000

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

000000000000000

पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हो गया है। इज़राइल ने तेहरान में बसीज और आंतरिक सुरक्षा कमान केंद्रों पर कई हवाई हमले किए हैं। Israel Defence Forces (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जिन कमान केंद्रों को निशाना बनाया गया, उनका उपयोग ईरानी शासन द्वारा पूरे देश में नियंत्रण बनाए रखने के लिए किया जाता था। आईडीएफ ने यह भी बताया कि उसने शासन के मिसाइल लॉन्चर और अन्य सैन्य प्रणालियों को भी निशाना बनाया।

इज़राइली वायुसेना के अनुसार, वायुसेना के विमानों के खिलाफ वायु रक्षा प्रणाली संचालित करने वाले ईरानी सैनिकों को निष्क्रिय कर दिया गया है। इस बीच, Iranian state television ने आज जानकारी दी कि खामेनेई के लिए प्रस्तावित शोक समारोह को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और इसे बाद में आयोजित किया जाएगा।

0000000000000000000